Daily Current Affairs 20 August 2021

1. आरोग्य धारा 2.0

चर्चा में क्यों?

- **केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया** ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के अंतर्गत **2 करोड़ उपचार** पूरे होने के उपलक्ष्य में **आरोग्य धारा- 2.0** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- अस्पताल में 2 करोड़ से ज्यादा प्रवेश पूरे होने की उपलब्धि के साथ, योजना के शुभारम्भ के बाद देश में 33 राज्यों/UT में 23,000 सरकारी और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों के बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से अभी तक (18 अगस्त 2021) लगभग 25,000 करोड़ रुपये के उपचार उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

निम्नलिखित मुख्य पहलों का शुभारम्भ किया गया:

- **अधिकार पत्र**: इसे लाभार्थियों को PMJAY योजना के तहत उपचार के लिए उनके अस्पताल में भर्ती के दौरान उनके अधिकारों के बारे में जागरूक बनाने के लिए जारी किया जाएगा।

- **अभिनंदन पत्र:** यह एक 'धन्यवाद पत्र' है, जिसे PMJAY के तहत उपचार के बाद डिस्चार्ज के दौरान योजना के लाभ लेने के लिए लाभार्थियों को जारी किया जाएगा।

- **आयुष्मान मित्र**: एक अन्य प्रमुख पहल शुरू की गई, जो सभी नागरिकों को पात्र लोगों को उनका आयुष्मान कार्ड दिलाने और उन्हें योजना के दायरे में लाने में सहायता देकर आयुष्मान भारत के विजन में योगदान करने का अवसर उपलब्ध कराती है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के बारे में:

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- यह गरीबों और वंचित लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने वाली एक महत्वाकांक्षी योजना है।

- इसने प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये के नकदीरहित और कागजरहित स्वास्थ्य सेवा लाभों के साथ सभी पात्र लाभार्थियों को सशक्त बनाया है।

- इसे 23 सितंबर 2018 को रांची, झारखंड में लॉन्च किया गया था।

नोट: AB-PMJAY के तहत अप्रैल 2020 से जुलाई 2021 तक लगभग 20.32 लाख COVID-19 परीक्षण और 7.08 लाख उपचार अधिकृत किए गए।

स्रोत: PIB

2. यूनाइट अवेयर प्लेटफॉर्म

चर्चा में क्यों?

- **भारत** ने **संयुक्त राष्ट्र (UN)** के सहयोग से **शांति सैनिकों** की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए **एक प्रौद्योगिकी मंच- यूनाइट अवेयर** शुरू किया जो दुनिया भर में जटिल और जोखिम भरे वातावरण में काम कर रहे है।

- यूनाइट अवेयर का शुभारंभ तब हुआ जब **भारत ने अगस्त महीने के लिए 15 देशों वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण** की।

प्रमुख बिंदु

यूनाइट अवेयर प्लेटफॉर्म के बारे में:

- "यूनाइट अवेयर" एक स्थितिजन्य जागरूकता सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो पीसकीपिंग ऑपरेशंस सेंटर को वास्तविक समय के आधार पर एक संघर्ष क्षेत्र में जमीनी स्थिति की कल्पना और विश्लेषण करने की अनुमति देता है।

उद्देश्य:

- इस परियोजना का उद्देश्य विषम खतरों का पता लगाने पर आधुनिक निगरानी प्रौद्योगिकी के प्रभाव को प्रदर्शित करना है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के लिए शिविर सुरक्षा, समग्र सुरक्षा स्थिति और स्थितिजन्य जागरूकता की गुणवत्ता में सुधार करना है।

भारत ने इस परियोजना के लिए 1.64 मिलियन अमरीकी डालर का **योगदान** दिया है।

साझेदारी:

- भारत ने इसे UN डिपार्टमेंट ऑफ पीसकीपिंग ऑपरेशंस और डिपार्टमेंट ऑफ ऑपरेशनल सपोर्ट के साथ साझेदारी में विकसित किया है।

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र के साथ इस मंच को शुरू में 4 संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन: UNFICYP (साइप्रस), MINUSMA (माली), UNMISS (दक्षिण सूडान) और AMISOM (सोमालिया) में शुरू करने के लिए भागीदारी की है।

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना देशों को संघर्ष से शांति के कठिन रास्ते पर चलने में मदद करती है।

भारत का योगदान:

- वर्तमान में, भारत से 5506 सैनिक और पुलिस हैं, जिन्हें 9 विभिन्न संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में तैनात किया गया है, जो सैन्य योगदान देने वाले देशों में दूसरा सबसे बड़ा है।

- 1948 से दुनिया भर में स्थापित 71 संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में से 49 में 200,000 से अधिक भारतीयों ने सेवा दी है।

स्रोत: द हिंदू

3. भारत दूसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस (UNWGIC) की मेजबानी करेगा

चर्चा में क्यों?

- भारत अक्टूबर 2022 में हैदराबाद में दूसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस (UNWGIC) की मेजबानी करेगा।

- 2022 के लिए **विषय** 'वैश्विक गांव को भू-सक्षम बनाना' है।

प्रमुख बिंदु

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

UNWGIC के बारे में:

- **वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन (UN-GGIM) पर विशेषज्ञों की संयुक्त राष्ट्र समिति** हर 4 साल में संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस (UNWGIC) का आयोजन करती है।
- इसका उद्देश्य भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन और क्षमताओं में सदस्य राज्यों और प्रासंगिक हितधारकों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना है।
- पहला UNWGIC अक्टूबर 2018 में चीन द्वारा आयोजित किया गया था।

भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के बारे में:

- यह एक शब्द है जिसका उपयोग पृथ्वी और मानव समाज के भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण में योगदान करने वाले आधुनिक उपकरणों की श्रेणी का वर्णन करने के लिए किया जाता है।
- इसमें निम्नलिखित प्रौद्योगिकियां शामिल हैं: GIS (जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम), रिमोट सेंसिंग, 3D स्कैनिंग और GNSS (ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम)

भारत की भू-स्थानिक नीति:

- केंद्र सरकार ने हाल ही में भारत में भू-स्थानिक क्षेत्र के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं।
- नई नीति इस क्षेत्र को अधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र के रूप में उदार बनाती है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा शुरू किए गए भू-स्थानिक डेटा की पेशकश करने वाले वेब पोर्टल:

- **भुवन** (ISRO द्वारा विकसित और होस्ट किया गया राष्ट्रीय भू-पोर्टल जिसमें भू-स्थानिक डेटा, सेवाएं और विश्लेषण के लिए उपकरण शामिल हैं)
- **सारथी** (भारतीय सर्वेक्षण द्वारा विकसित एक वेब भौगोलिक सूचना प्रणाली)
- **ऑनलाइन मैप्स पोर्टल** (इसमें राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तहसील स्तर के डेटा के साथ 4,000 से अधिक नक्शे हैं)
- **मानचित्रण:** NATMO (नेशनल एटलस एंड थीमैटिक मैपिंग ऑर्गनाइजेशन) ने इस पोर्टल पर भारत के सांस्कृतिक मानचित्र, जलवायु मानचित्र या आर्थिक मानचित्र जैसे विषयगत मानचित्र जारी किए हैं।

स्रोत: PIB

4. भारत ने सामाजिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की सीमा का विस्तार करने की इच्छा जताई

चर्चा में क्यों?

- **केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल** ने हाल ही में भारत की अध्यक्षता में **'BRICS उद्योग मंत्रियों की 5वीं बैठक'** की अध्यक्षता की।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- बैठक के दौरान, भारत ने औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के अलावा सामाजिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)** की सीमा का विस्तार करने की इच्छा जताई।

- **सामाजिक बुनियादी ढांचे** में विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा वितरण के लिए वित्त पोषण शामिल है।

प्रमुख बिंदु

न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के बारे में:

- NDB **BRICS देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका)** द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।

- बैंक का मुख्यालय शंघाई, चीन में है।

- 15 जुलाई 2014 को, ब्राजील के फोर्टालेजा में आयोजित छठे BRICS शिखर सम्मेलन के पहले दिन, BRICS राज्यों ने न्यू डेवलपमेंट बैंक के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

भारत में NDB द्वारा वित्त पोषित प्रमुख परियोजनाएं:

- भारत में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जिनमें मुंबई मेट्रो रेल, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और कई अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

- NDB ने अब तक लगभग 4.2 बिलियन अमरीकी डालर की राशि के लिए 14 भारतीय परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

- 2020 में, ग्रामीण रोजगार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए NDB के साथ 1 बिलियन अमरीकी डालर का ऋण समझौता।

स्रोत: PIB

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

5. भारतीय नौसेना ने वियतनाम पीपुल्स नौसेना के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास किया

चर्चा में क्यों?

- भारत और वियतनाम की नौसेनाओं ने **दक्षिण चीन सागर** में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास किया है।
- भारत के INS रणविजय और INS कोरा ने 18 अगस्त 2021 को वियतनाम पीपुल्स नौसेना के VPNS ली थाई तो युद्ध-पोत के साथ द्विपक्षीय समुद्री सैन्य अभ्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- द्विपक्षीय अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं द्वारा साझा किए गए मजबूत रिश्ते को दृढ़ता से आगे ले जाना है और यह भारत-वियतनाम रक्षा संबंधों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- समुद्री चरण के दौरान सतही युद्ध अभ्यास, हथियारों से गोलीबारी अभ्यास और हेलीकॉप्टर संचालन शामिल थे।

स्रोत: PIB

6. सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम 'उम्मीद'

चर्चा में क्यों?

- दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम 'उम्मीद' का उद्घाटन किया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

प्रमुख बिंदु

- सामुदायिक पुलिसिंग का सार पुलिसकर्मियों और नागरिकों के बीच की दूरी को इस हद तक कम करना है कि पुलिसकर्मी उस समुदाय का एक एकीकृत हिस्सा बन जाएं जिसकी वे सेवा करते हैं।

भारत में अन्य सामुदायिक पुलिसिंग मॉडल:

- सामुदायिक पुलिस परियोजना: पश्चिम बंगाल
- मैत्री: आंध्र प्रदेश
- मोहल्ला समितियां: महाराष्ट्र
- पुलिस मित्र: तमिलनाडु
- जनमैत्री सुरक्षा परियोजना: केरल
- संयुक्त गश्त समितियां: राजस्थान
- मीरा पैबी: मणिपुर

स्रोत: द हिंदू

gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now